हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 मई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 पानी के लिए भटके ग्रामीण, अब हर घर तक पहुंचे...



07 जियो-टैगिंग की अनिवार्यता समाप्त करने और आईडी...



## खबर संक्षेप

### पेनल्टी माफ करने पार्षद ने सीएमओ को लिखा पत्र

**इटारसी।** नगर पालिका परिषद इटारसी क्षेत्र के नागरिकों और दुकानदारों को बड़ी राहत दिलाने के लिए पार्षद एवं सभापति अमृता मनीष ठाकुर ने एक अहम पहल की है। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र सौंपकर संपत्ति कर और दुकान किराए पर लग रही भारी-भरकम पेनल्टी को माफ कराने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने परिषद की बैठक में एक विशेष संकल्प पारित कर शासन को प्रस्ताव भेजने का आग्रह किया है।

### रेलवे ने किया स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन

**इटारसी।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल रेल मंडल में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जन-जागरूकता को लेकर व्यापक गतिविधियों का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में किया। इसके तहत मंडल के विभिन्न स्टेशनों, शेड और रेलवे स्कूलों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर रेल कर्मियों, विद्यार्थियों और आमजन को जागरूक किया गया।
इटारसी स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें प्लेटफॉर्म आदि पर सफाई की गई।

### कलेक्टर ने 171 आवेदकों की समस्याएं सुनकर किया उनका समाधान

# जिलाधीश ने दिखाई संवेदनशीलता, हर आवेदक को बैठाकर सुनी उसकी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

**कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया गया।

जनसुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान होने पर उन्होंने कलेक्टर सोमेश मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा आवेदकों को अपने समक्ष कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्याएं सुनने की सकारात्मक पहल की गई है। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कुल 171 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कीं।



#### गंभीरता से सुने आवेदन

कलेक्टर श्री मिश्रा ने आवेदक को बैठाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा पूर्व में ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जनसुनवाई में कोई भी आवेदक खड़े होकर अपनी समस्या न बताए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आवेदकों को बैठाकर उनकी समस्याएं सुनी जाएं तथा संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ उनका समाधान किया जाए।

#### नलजल योजना एक सप्ताह में शुरू करने के निर्देश

जनसुनवाई के दौरान सोहागपुर निवासी वंदना बेहेलिया द्वारा आर्थिक सहायता हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान आवेदिका के साथ आए लगभग 3 वर्षीय बालक को देखकर, जिसके शरीर पर जलने के कारण गंभीर घाव थे, कलेक्टर श्री मिश्रा ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बच्चे के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात सीएमएचओ द्वारा शासकीय वाहन से मां एवं बच्चे को जिला चिकित्सालय पहुंचाकर उपचार प्रारंभ कराया गया। इसी प्रकार सोहागपुर निवासी मेहरूम सिंह ने पुत्र की मृत्यु उपरांत आर्थिक सहायता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। जनसुनवाई के दौरान ग्राम लोधड़ी के ग्रामीणों द्वारा नलजल योजना प्रारंभ कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को एक सप्ताह के भीतर योजना सुचारू रूप से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

#### जरूरतमंदों को रेडक्रास से दिलाई सहायता

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न मामलों में कलेक्टर श्री मिश्रा ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए जरूरतमंद आवेदकों को रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से ग्रसित आवेदकों को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु भेजकर आवश्यक सहायता प्रदान की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई, जिससे उन्हें राहत मिल सके।

## नपा अध्यक्ष ने वार्डों में पुनः शुरू कराई पेयजल की मोटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को विभिन्न वार्डों का दौरा कर नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड 24 एवं 25 में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और बारिश पूर्व जल निकासी की तैयारियों का जायजा लिया, वहीं वार्ड नंबर 33 में बेरीबाबा क्षेत्र की बंद पड़ी मोटर को पुनः चालू करवाकर नागरिकों को बड़ी राहत दिलाई।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्षद शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि शहबाज बेग एवं वार्ड 33 से पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया उपस्थित रहे। वार्ड 24 में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित मुकद्दम को सख्त चेतावनी देते हुए नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने आदि के निर्देश दिए गए। वार्ड 25 में पेयजल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जल विभाग को निर्देशित किया गया कि जहां भी पानी की आवश्यकता हो वहां त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ट्यूबवेल की स्थिति की जानकारी लेते हुए पम्प ऑपरेटर को इस प्रकार वॉल्व संचालन करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नाली निर्माण की आवश्यकता वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया। नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही इंजीनियरों से निरीक्षण कराकर स्थायी निकासी व्यवस्था बनाई जाएगी। वार्ड नंबर 33 के बेरीबाबा क्षेत्र की पेयजल मोटर को पुनः चालू करवाया गया। इस अवसर पर वार्ड की मातृशक्ति एवं जल विभाग के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से आपसी सामंजस्य बनाए रखते हुए बारी-बारी से मोटर चलाकर पानी भरने की अपील की। साथ ही कहा कि मोटर को बीच-बीच में बंद भी करें, ताकि उस पर अतिरिक्त भार न पड़े और पेयजल व्यवस्था लंबे समय तक सुचारू बनी रहे।

## इटारसी कृषि उपज मंडी में होगी नीलामी, नहीं होगा अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

रवि सीजन को ध्यान में रखते हुए और क्षेत्र के किसानों की सुविधा के लिए कृषि उपज मंडी समिति इटारसी ने एक बड़ा फैसला लिया है। मंडी प्रांगण में आगामी बुधवार से शनिवार तक निरंतर नीलामी कार्य चालू रहेगा। इस अवधि में मंडी में किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं रहेगा, ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपनी उपज बेच सकें।

कृषि उपज मंडी समिति के सचिव द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस-नोट के अनुसार, 27 मई, बुधवार से 30 मई शनिवार तक मंडी प्रांगण में नीलामी का कार्य लगातार जारी रहेगा। किसानों की सुविधा और कृषि उपज के सुचारू विक्रय को सुनिश्चित करने के लिए मंडी प्रांगण को पूरी तरह खुला रखा जाएगा। मंडी प्रशासन ने क्षेत्र के समस्त कृषकों, अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों, हम्माल और तुलावटियों को इस संबंध में सूचित कर दिया है। रवि सीजन में आवक को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि मंडी में अनाज लेकर आने वाले किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े और उनका कार्य सुगमता से संपन्न हो सके।

## सांसद के प्रयासों से मिली इटारसी-बीड़ नई पैसेंजर ट्रेन को मंजूरी, जिलेवासियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

क्षेत्र के यात्रियों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों के लिए एक बहुत बड़ी और हर्ष की खबर है। नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विशेष प्रयासों से रेल मंत्रालय ने जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए इटारसी से बीड़ के मध्य एक नई पैसेंजर ट्रेन के परिचालन को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 26 मई 2026 को पत्र जारी कर इस बात की पुष्टि की है कि गाड़ी संख्या 51690/51689 इटारसी-बीड़ पैसेंजर को चलाने की मंजूरी दे दी गई है। गौरतलब है कि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने क्षेत्र की जनता और आम यात्रियों की मांग को देखते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर इस नई पैसेंजर ट्रेन को शुरू करने का आग्रह किया था। जनभावनाओं को प्राथमिकता देते हुए रेल मंत्रालय ने त्वरित निर्णय लिया और इस रूट पर नई रेल सेवा की सौगात दे दी। यह ट्रेन शुरू होने से इटारसी और बीड़ के बीच दैनिक यात्रा करने वाले हज़ारों यात्रियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा।

इस बड़ी उपलब्धि पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत अग्रवाल ने खुशी जाहिर करते हुए जनभावनाओं को सर्वोपरि रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद दर्शन सिंह चौधरी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। प्रशांत अग्रवाल ने कहा, यह नई रेल सेवा हमारे क्षेत्र के विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और आम जनता के लिए सुविधा के साथ-साथ विकास के नए द्वार खोलेगी।

## स्थानीय युवाओं ने शुरू की निःशुल्क जल सेवा, लोगों को मिल रहा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

भीषण गर्मी और पानी की किल्लत के बीच स्थानीय युवाओं की पहल ने लोगों को बड़ी राहत दी है। मोहल्ले में निःशुल्क जल सेवा के तहत टैंकर के जरिए घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है।

फोटो में दिख रहा है कि महिलाएं और बच्चे बाल्टी, डिब्बे और कंटेनर लेकर लाइन में लगे हैं और टैंकर से पानी भर रहे हैं। टैंकर पर लगे बैनर के अनुसार यह सेवा हंसराज सिंह सेंगर और हर्ष आर्य के सहयोग से चलाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई अनियमित हो जाती थी, जिससे काफी परेशानी होती थी। इस निःशुल्क सेवा से अब बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को काफी सहूलियत मिली है। युवाओं की इस पहल की मोहल्ले में हर कोई तारीफ कर रहा है। उनका कहना है कि अगर हर इलाके में ऐसे युवा आगे आएं तो पानी जैसी बुनियादी समस्या का समाधान आसानी से हो सकता है। ऐसी सामाजिक सेवा न सिर्फ गर्मी में राहत देती है, बल्कि समाज में एकता और मदद का संदेश भी फैलाती है।




## रिश्वत लेने वाले राजस्व निरीक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित, एसडीएम से मांगे आरोप पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

सोहागपुर क्षेत्र में एक किसान से रिश्वत लेने वाले राजस्व विभाग निरीक्षक को नर्मदापुरम कलेक्टर ने निलंबित किया है। उक्ताशय का पत्र 26 मई 2026 को कलेक्टर कार्यालय से जारी किया गया है।

कार्यालय एसडीएम नर्मदापुरम द्वारा 13 मई 2026 को एक पत्र के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया था कि गुलाबचंद उईके राजस्व निरीक्षक सोहागपुर का जवाब समाधान कारक नहीं पाया गया। तब नियमानुसार कार्यवाही करने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी द्वारा पत्र कार्यालय जिला कलेक्टर नर्मदापुरम को प्रेषित किया गया। तथा गुलाबचंद उईके राजस्व निरीक्षक सोहागपुर के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 (1) (2) (3) के विपरीत होकर दंडनीय कृत्य मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-9 के अंतर्गत दंडनीय पाया गया है। तथा उईके का जवाब समाधान कारक नहीं पाए जाने पर राजस्व पुस्तक में दर्ज जानकारी कराने पर निर्धारित सेवा (आचरण) नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत गुलाबचंद उईके राजस्व निरीक्षक सोहागपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में उईके का मुख्यालय भूसंरक्षण प्रबंधन शाखा नर्मदापुरम नियत किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

#### यह था मामला

उल्लेखनीय है कि सेवानिवृत्त शिक्षक तथा वर्तमान में कृषि कार्य कर रहे प्रहलाद गढ़वाल ने जनसुनवाई में सोहागपुर में तथा नर्मदापुरम में उक्त मामले की शिकायत की थी। शिकायत में उल्लेख था कि राजस्व निरीक्षक गुलाबचंद उईके ने संबंधित शिक्षक से किसान की पत्नी के नाम दर्ज कृषि भूमि के सीमांकन के लिए 20000 की रिश्वत ली थी। इसके बाद सीमांकन किया गया, लेकिन रिकॉर्ड संबंधित किसान को प्रस्तुत नहीं किये गए। जन सुनवाई में उक्त शिकायत गढ़वाल के द्वारा दो बार की गई थी। जिसके बाद कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक उईके निलंबन का आदेश जारी किया है।

## निगम अध्यक्ष केपी यादव का नर्मदापुरम में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगरागमन पर खाद्य नागरिक निगम के अध्यक्ष केपी यादव का नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं स्थानीय भाजपा नेताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, पूर्व नपाध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, भाजपा नेता रोहित गौर आदि अनेक भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि निगम अध्यक्ष यादव यहां गंगा दशहरे पर आयोजित मां नर्मदा की महाआरती में शामिल होने के लिए आए थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही का आरोप, युवा कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



नगर पालिका निर्वाचन के लिए हाल ही में पूरे हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में भारी विसंगतियों और लापरवाही का आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में युवा कांग्रेस नर्मदापुरम के जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी (गोल्डी) ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) इटारसी को एक शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच और पुनरीक्षण की अवधि बढ़ाने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे गए पत्र में गौरव चौधरी ने बताया कि 25 मई को नगर पालिका निर्वाचन की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इस प्रक्रिया में जमीनी स्तर पर कई गंभीर लापरवाही बरती गई हैं। युवा कांग्रेस ने मुख्य रूप से निम्नलिखित तीन बिंदुओं पर आपत्ति दर्ज कराई है।

निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत, बीएलओ द्वारा किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए से संपर्क नहीं किया गया। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर न तो नए मतदाताओं के नाम जोड़े गए और न ही मृत या स्थानांतरित (शिफ्टेड) मतदाताओं की सही पहचान की गई। वर्तमान मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर दोहरे (डबल) नाम शामिल हैं, जिन्हें चिह्नित करने में भी लापरवाही बरती गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पुनरीक्षण की अवधि को 15 दिन और आगे बढ़ाया जाए।

## नपाध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण, दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा नगर के समस्त नालों को पक्का किया जा रहा है। जिसके चलते मंगलवार को समेरिटंस स्कूल से लेकर भोपाल तिराहे का नाला निर्माण कार्य चल रहा है। पटवारी कालोनी में हो रहे निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नाले का बारीकी से अवलोकन किया तथा इंजीनियर्स से जानकारी ली। उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष यादव द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान नाले की हाइट बढ़ाने तथा समय सीमा में निर्माण कार्य करने के एजेंसी को निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने बताया कि समेरिटंस स्कूल के पीछे से लेकर भोपाल तिराहे तक बन रहा नाला बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसके बनने से बारिश में बनने वाली बाढ़ की स्थिति छुटकारा मिल जाएगा। आज निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### शामिल हुए स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह

## मां नर्मदा की महाआरती की, विवेकानंद घाट पर झाड़ू थामकर किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम पहुंचे। यहां उन्होंने सुप्रसिद्ध सेठानी घाट पर मां नर्मदा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर चुनरी चढ़ाई और नित्य होने वाली महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सस्वर मां नर्मदा अष्टक का पाठ कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

महाआरती से पूर्व, मंत्री सिंह ने विवेकानंद घाट पहुंचकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयं हाथों में झाड़ू थामी और घाट की सफाई की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि, 'स्वच्छता को हमें अपनी प्रतिदिन की आदत बनाना चाहिए। हर नागरिक को अपने घर, आसपास के परिसर और जल स्त्रोतों को साफ रखने का संकल्प लेना होगा। घाट की सफाई के उपरांत उन्होंने परिसर में पौधरोपण भी किया। इस गरिमामयी आयोजन और श्रमदान कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी एक साथ नजर आए। स्वच्छता अभियान में सबने मिलकर घाट की सफाई की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### शक्ति केंद्रों पर हुई मासिक बैठक आयोजित

**इटारसी।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी द्वारा संगठनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकों का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को शक्ति केंद्र क्रमांक 2, सरदार वल्लभभाई पटेल (वार्ड क्रमांक 3 एवं 4) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने, पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि "बूथ और शक्ति केंद्र संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं।

## इटारसी में महिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक हुई संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव एवं नर्मदापुरम जिला प्रभारी रूपाली शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रदेश महासचिव रूपाली शर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी महिलाएं घरों से बाहर निकलकर कांग्रेस पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें। अपने संबोधन में उन्होंने मध्य प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, गिरती कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी महिलाओं से जिले में एकजुट होकर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष माधवी मिश्रा, प्रदेश महासचिव नेहा चावरे, पूर्व नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, इटारसी नपा की नेता प्रतिपक्ष रफतजहा सिद्दीक, वरिष्ठ पार्षद सीमा भदोरिया आदि शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में किसान की मौत, पत्नी गंभीर

**बैतूल।** सडक़ हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब पति-पत्नी एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। घायल महिला का जिला अस्पताल के आईसीयू में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, टीका बर्री निवासी मदन पिता खड्डी यूईके (45) अपनी पत्नी सुनीता के साथ शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पहले बोरदही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, हालत गंभीर होने पर उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मदन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, उनकी पत्नी सुनीता को गंभीर हालत में आईसीयू में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि सुनीता के सिर और कंधे में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया जा रहा है।

### साहू समाज राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह 27 को

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में साहू समाज राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह का आयोजन 27 मई दिन बुधवार को शासकीय जयवंती हक्सर महाविद्यालय के अटल सभागार में 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। साहू समाज राष्ट्रीय गौरव दिवस समारोह में साहू समाज की अत्यंत ही गरीब विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, साहू समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन के आयोजनों के साथ समाज के चिकित्सा क्षेत्र एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। साहू समाज के लोगों से इस अवसर पर उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### एमआरपी निर्धारण पर सख्त कानून बनाने की मांग

**बैतूल।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बैतूल इकाई ने सोमवार को कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर एमआरपी निर्धारण के लिए सख्त और पारदर्शी कानून बनाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पहले संगठन ने जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना दिया और उपभोक्ता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया। संगठन ने कहा कि वर्तमान में प्रचलित एमआरपी निर्धारण और मुद्रण व्यवस्था उपभोक्ताओं के शोषण का बड़ा कारण बन चुकी है। व्यापारी मनमाने ढंग से वस्तुओं के दाम तय कर ग्राहकों से अधिक कीमत वसूल रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्राहक पंचायत ने इसे एमआरपी धोखा है अभियान से जोड़ते हुए देशभर में जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। ज्ञापन में मांग की गई कि वित्त मंत्रालय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के समन्वय से ऐसा कानून बनाया जाए, जिससे एमआरपी निर्धारण वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से हो सके। संगठन ने इसके लिए स्वतंत्र प्राधिकरण, बोर्ड या आयोग गठित करने की मांग भी की, जिसे नियम बनाने, आदेश जारी करने और अधिक मूल्य वसूली पर रोक लगाने के अधिकार दिए जाएं। ग्राहक पंचायत ने कहा कि अत्यधिक या बढ़ा-चढ़ाकर एमआरपी प्रिंट करने की प्रवृत्ति के कारण उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। मौजूदा कानून में संशोधन कर कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि उल्लंघन की संभावना समाप्त हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष ठाकुर जगदीश प्रसाद राघव, जिला सचिव अर्पित दीक्षित, प्रचार-प्रसार मंत्री डॉ. योगेश पवार आदि रहे मौजूद।

कलेक्टर के निर्देश के बाद चिरापाटला, गवासेन और झिरियाडोह में बहाल हुई पेयजल व्यवस्था

# पानी के लिए भटके ग्रामीण, अब हर घर तक पहुंच रहा है नलजल

### महिलाएं दूर-दूर से ला रहीं थी पानी, अब गांवों में पहुंचने लगा नल का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीषण गर्मी के बीच बैतूल जिले के चिचोली तहसील के दूरस्थ ग्राम चिरापाटला, गवासेन और वन ग्राम झिरियाडोह में पेयजल संकट गहराने लगा था। हालात ऐसे थे कि ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। कहीं महिलाएं सुबह से बर्तन लेकर पानी की तलाश में निकल जाती थीं, तो कहीं ग्रामीणों को निजी साधनों से दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा था। गांवों में पेयजल योजनाएं बंद पड़ी थीं, जबकि कुछ स्थानों पर बिजली समस्या के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही थी। ग्रामीण लगातार प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग कर रहे थे। इसके बाद कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने स्वयं प्रभावित गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें पेयजल संकट की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के अधिकारियों और ग्राम पंचायतों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। पीएचई के अधिकारियों ने गंभीरता से चिरापाटला, गवासेन और झिरियाडोह में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की।



### अब घर तक पहुंच रहा नल का पानी

भीषण गर्मी में जब पानी की एक-एक बूंद की कीमत बढ़ जाती है, तब चिचोली ब्लॉक के ग्राम गवासेन में रहने वाले दिव्यांग ऋषि राज शिवनकर और उनका परिवार हर दिन पानी के लिए संघर्ष कर रहा था। परिवार में पत्नी और बच्चे भी दिव्यांग होने के कारण उनकी मुश्किलें और बढ़ गई थीं। घर में नल कनेक्शन नहीं था और गांव में बिजली की समस्या के चलते जल आपूर्ति भी बाधित रहती थी। ऋषि राज ने बताया कि मजबूरी में उन्हें रोजाना डेढ़ से दो किलोमीटर दूर स्कूटी से पानी लाना पड़ता था। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ग्राम गवासेन के भ्रमण पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनसे मिलकर पेयजल और बिजली की समस्या बताई। समस्या सुनते ही कलेक्टर ने ग्राम पंचायत और पीएचई विभाग के अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत की त्वरित कार्रवाई के बाद उनके घर तक पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

### चिरापाटला में बहने लगी नलजल धारा

चिरापाटला गांव में पिछले चार महीनों से पेयजल संकट ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल कर दी थी। सडक़ निर्माण कर रही कंपनी द्वारा पाइपलाइन टूट जाने के बाद गांव के घरों तक पानी पहुंचना बंद हो गया था। महिलाएं और बुजुर्ग हैंडपंपों से पानी ढोने को मजबूर थे, जबकि कुछ परिवार दूर-दराज से टैंकरों में पानी भरकर ला रहे थे। ग्रामीणों की यह परेशानी उस समय दूर हुई, जब कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे गांव के निरीक्षण पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें आवेदन देकर पेयजल संकट से अवगत कराया। समस्या की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने मौके पर ही पीएचई विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पीएचई विभाग की तत्परता का असर यह हुआ कि महज चार दिनों के भीतर नई पाइपलाइन डालकर गांव में फिर से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गई।

### बदली दूरस्थ वनग्राम झिरियाडोह की तस्वीर, सोलर पंप से हो रही जल आपूर्ति

चिचोली ब्लॉक के दूरस्थ वनग्राम झिरियाडोह में गर्मी के दिनों में पानी का संकट इतना गहरा गया था कि ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किलों से भर गई थी। गांव का इकलौता हैंडपंप, जिससे पूरा गांव पानी भरता था, कुछ ही दिनों में सूख गया। इसके बाद ग्रामीणों को चार महीने तक पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे गांव के निरीक्षण पर पहुंचे। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने उन्हें पेयजल संकट की जानकारी दी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। गांव में हर घर तक पाइपलाइन बिछाई गई और 24 घण्टे के अंदर नलजल व्यवस्था शुरू कराई गई। वर्तमान में ग्राम पंचायत द्वारा सोलर पंप स्थापित कर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा गांव की बिजली समस्या का भी समाधान किया गया।

मटके फोड़कर जताया विरोध

# पानी के लिए कांग्रेस ने किया नगर पालिका का घेराव

### बैतूल की जनता बूंद बूंद को तरसीः डागा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




भीषण जल संकट को लेकर मंगलवार को कांग्रेस का गुस्सा सडक़ों पर फूट पड़ा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने लल्ली चौक से नगर पालिका परिषद तक उग्र प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार और नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेत्री मोनिका निरापुरे सहित महिलाओं ने नगर पालिका कार्यालय के सामने मटके फोडक़र विरोध दर्ज कराया। हालात को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। इस दौरान निलय विनोद डागा ने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद बैतूल की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है, जबकि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं और झूठे वादों में व्यस्त है।

नगर पालिका और भाजपा जनप्रतिनिधि वर्षों से जल योजनाओं के नाम पर जनता को गुमराह करते रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि शहर के कई वार्डों में लोग कई-कई दिनों तक पानी का इंतजार करने को मजबूर हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लाखापुर डेम योजना पर लगभग 2 करोड़ रुपए, अमृत-2 योजना पर 11 करोड़ रुपए और ताप्ती बैराज योजना पर करीब 32 करोड़ रुपए खर्च किए गए, लेकिन इसके बावजूद शहर को नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका। ज्ञापन में बताया गया कि अमृत-2 योजना के तहत 16 किलोमीटर पाइपलाइन और चार पानी की टंकियां बनाई गईं, लेकिन स्थिति आज भी जस की तस बनी हुई है। कांग्रेस का आरोप है कि शहर को प्रतिदिन लगभग 17 एमएलडी पानी की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में केवल 8 से 10 एमएलडी पानी की सप्लाई हो रही है। इसके कारण कई वार्डों में 4 से 5 दिन और कुछ क्षेत्रों में 7 से 8 दिन के अंतराल में पानी पहुंच रहा है।

### टूटे पिलर, खाली टंकियां

निलय डागा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार वर्षों से लाखापुर डेम का पानी जल्द आएगा और ताप्ती बैराज से शहर की प्यास बुझेगी जैसे दावे करती रही, लेकिन आज तक शहरवासियों को उसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि माचना क्षेत्र में खड़े पाइपलाइन के टूटे पिलर, क्षतिग्रस्त ताप्ती बैराज और खाली पड़ी पानी की टंकियां सरकार की नाकामी की गवाही दे रही हैं। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जनता से पूरा जलकर वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में नियमित पानी तक नहीं मिल रहा।

# खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन, 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

**सारनी।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विद्यालय में खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 65 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का संचालन विद्यालय के शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक राजीव नायर के निर्देशन में संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न खेल गतिविधियों एवं शारीरिक शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। बच्चों ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, योग तथा अन्य शारीरिक गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया। योग अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, वहीं टीम खेलों के माध्यम से सहयोग, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास किया गया। शिविर में विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की नर्स वंदना देव चिकित्सा सहायता हेतु उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों



के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की तथा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई। विद्यालय के प्राचार्य ने खेल प्रशिक्षण शिविर की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियां बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अवकाश का सकारात्मक उपयोग करते हुए नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा आगामी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं।

140 से अधिक आवेदनों पर हुई सुनवाई, राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर डॉ. सोनवणे की जनसुनवाई में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई इस बार कुछ अलग ही नजर आई। डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के स्वयं जनसुनवाई में शामिल होने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे। जनपद पंचायत मुलताई में आयोजित इस जनसुनवाई कार्यक्रम में 140 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित बताए गए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने एक-एक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश जारी किए गए।

### अवैध कब्जे के मामले में एक सप्ताह में कार्रवाई के निर्देश

मुलताई निवासी कन्हैयालाल ने अवैध कब्जा हटाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से मौके पर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही कब्जा सही पाए जाने पर एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं ग्राम नीमनवाड़ा निवासी गुलाबराव धोटे ने कृषि भूमि




के रिकॉर्ड में सुधार की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार मुलताई को मामले का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### फिर उठी ताप्ती जलमार्ग एवं आरसीसी नाला निर्माण की मांग

जनसुनवाई में एक बार फिर ताप्ती क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग प्रमुखता से उठी। ताप्ती वार्ड की पार्षद निर्मला उबनारे ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर एसडीएमएफ योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में रेलवे स्टेशन से दुर्गा मठ तक आरसीसी नाले के निर्माण की मांग की। पार्षद ने बताया कि क्षेत्र में भवनों के पानी की समुचित निकासी नहीं होने से सडक़ों और घरों में पानी भरने की समस्या लगातार बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य की डीपीआर पूर्व में तैयार की जा चुकी है तथा इस पर लगभग 66.66 लाख रुपये की लागत आने का अनुमान है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने संबंधित अधिकारियों को आगामी विकास योजनाओं में प्रस्ताव शामिल कर निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए।

### कबीर कॉलोनी मामले में कॉलोनाइजर पर सख्ती के निर्देश

जनसुनवाई में कबीर कॉलोनी, पटेल वार्ड के रहवासियों ने पेयजल, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी की शिकायत की। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगरपालिका अधिकारियों को संबंधित कॉलोनाइजर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पूर्ण विकास कार्य कराए कॉलोनी का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने वाले संबंधित अधिकारी की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करने को भी कहा।

### महिला उत्पीडऩ एवं सीमांकन मामलों पर भी हुई सुनवाई

जनसुनवाई में एक महिला आवेदिका ने पति की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष द्वारा गृहस्थी का सामान एवं जेवर ले जाने तथा जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। मामले को गंभीर मानते हुए कलेक्टर ने पुलिस विभाग को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं ग्राम कोठी निवासी 80 वर्षीय मीला बाई ने सीमांकन संबंधी समस्या रखी, जिस पर तहसीलदार को प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसमस्या निवारण शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजीव कहार, कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग सी.एल. मरकाम, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री डॉ. कलमकार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित

# योग जागरूकता के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंची ओम आयुर्वेदिक कॉलेज की टीम



**बैतूल।** ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भारत भारती जामठी बैतूल द्वारा आयुष मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली एवं संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। उपप्राचार्य डॉ. राजकुमार मिश्रा द्वारा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। मंगलवार 26 मई को महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु मालवीय तथा इंटरनी महेश बाग और चैतन्य ने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को योगाभ्यास कराया और योग के महत्व की जानकारी दी। महाविद्यालय की टीम लगातार जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को योग से जुडने के लिए प्रेरित कर रही है। आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना है। यह निःशुल्क योग प्रशिक्षण अभियान 21 जून तक जिले के विभिन्न स्थानों पर जारी रहेगा।

7 करोड़ 80 लाख की वॉटर ट्रीटमेंट योजना स्वीकृत, टेंडर प्रक्रिया पूरी

# ताप्ती और शनि सरोवर को गंदे पानी से मिलेगी राहत

### चार चरणों में होगा गंदे पानी का उपचार, ताप्ती जलमार्ग को स्वच्छ बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

वर्षों से गंदे एवं सीवर युक्त पानी की समस्या झेल रहे ताप्ती जलमार्ग, ताप्ती सरोवर और शनि सरोवर को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मुलताई नगर पालिका ने लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के अंतर्गत लगभग 7 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से वॉटर ट्रीटमेंट योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। योजना की सभी प्रशासनिक एवं तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण होने के साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। अब सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह रहेगा कि यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर किस प्रकार लागू होती है और ताप्ती सरोवर एवं जलमार्ग में पहुंचने वाले गंदे पानी को रोकने में कितनी प्रभावी साबित होती है।



### क्या है वॉटर ट्रीटमेंट योजना

नगर पालिका द्वारा तैयार की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य ताप्ती वार्ड रेलवे लाइन क्षेत्र से निकलने वाले प्रमुख जलमार्ग में बहकर आने वाले गंदे पानी को ट्रीट कर स्वच्छ जल को अलग करना है। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से विभिन्न स्थानों पर ट्रीटमेंट संरचनाएं विकसित की जाएंगी। योजना के तहत पहला ट्रीटमेंट स्ट्रक्चर दुर्गा माता मंदिर के पास बनाया जाएगा। यहां गंदे पानी को रोककर साफ एवं दूषित जल को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित किया जाएगा, जिसके बाद पानी को अगले ट्रीटमेंट पॉइंट तक भेजा जाएगा। दूसरी संरचना कांजी हाउस के पास बनाई जाएगी, जबकि तीसरी ट्रीटमेंट संरचना मोक्षधाम क्षेत्र में तैयार की जाएगी। इसके बाद कचरा खंती के पास एक और प्रमुख ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा, जहां अंतिम स्तर पर पानी का उपचार किया जाएगा। नगर पालिका का दावा है कि इस बहुस्तरीय प्रक्रिया के माध्यम से ताप्ती सरोवर और जलमार्ग में सीधे गंदे पानी के प्रवाह को काफी हद तक रोका जा सकेगा।

### ओम साई कंस्ट्रक्शन को मिला निर्माण कार्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस परियोजना की डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) यश इंजीनियरिंग भोपाल द्वारा तैयार की गई है। वहीं योजना के निर्माण कार्य का ठेका ओम साई कंस्ट्रक्शन, छिंदवाड़ा को दिया गया है तथा अनुबंध प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। नगर क्षेत्र में लंबे समय से ताप्ती जलमार्ग और सरोवरों में गंदे पानी के प्रवाह को लेकर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा चिंता जताई जाती रही है। ऐसे में इस योजना को नगर के पर्यावरण एवं धार्मिक आस्था से जुड़े महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### इनका कहना है

ताप्ती सरोवर एवं जलमार्ग को गंदे पानी से मुक्त कराना परिषद की प्राथमिकता है। ताप्ती सरोवर एवं जलमार्ग गंदे पानी से मुक्त हो सके, यह हमारे लिए भावना से जुड़ा मुद्दा है। गंदा पानी सरोवर में न जाए, इसके लिए जो ट्रीटमेंट योजना स्वीकृत हुई है, हमारी परिषद का प्रयास रहेगा कि इसका सही क्रियान्वयन हो और ताप्ती जलमार्ग तथा सरोवर पूरी तरह स्वच्छ बन सकें।

**नीतू प्रहलाद परमार** अध्यक्ष नगर पालिका मुलताई

खबर संक्षेप

## सखी सहेली समूह ने घाट पर किया श्रमदान



**माखन नगर ।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नगर के _सखी सहेली समूह ने नर्मदा नदी चौका घाट पर स्नान से पहले नदी के किनारेफैले कचरे को साफ किया, फिर आस्था से डुबकी लगाई मां नर्मदा की आरती का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर समूह की प्रतिष्ठित कवियत्री _कीर्ति वर्मा, प्रेमलता वर्मा, संयोजिका _हेमलता वर्मा, मनीषा वर्मा, रानू वर्मा, सुषमा वर्मा, रश्मी वर्मा आदि समूह की पंद्रह महिलाओं ने सहभागिता दी।

## जल गंगा संवर्धन के अंतर्गत निकाली रैली

**पिपरिया।** पिपरिया नगरपालिका परिषद के शास्त्री बार्ड में नगर विकास प्रसफुटन समिति द्वारा गंगा दशहरा पर जलसरंक्षण को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।इस अवसर पर ब्लाक समन्वयक दयाशंकर उभरे देवेन्द्र कुमार ने जल संवर्धन अभियान को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।जल बचाओ अभियान पर जोर दिया गया।

### मूंग गिरदावरी में आ रही समस्याओं को लेकर पटवारी संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# जियो-टैगिंग की अनिवार्यता समाप्त करने और आईडी बहाल करने की उठाई मांग

जायद गिरदावरी 2026 में आ रही समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निराकरण की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

प्रांतीय पटवारी संघ, तहसील सिवनी मालवा द्वारा जायद गिरदावरी 2026 (मूंग फसल) के संपादन में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं को लेकर तहसीलदार नितिन कुमार झोड़ को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील अध्यक्ष दीपेश सराठे एवं तहसील सचिव पवन ताम्रकार के नेतृत्व में पटवारियों के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

ज्ञापन में पटवारी संघ ने शासन के 21 मई 2026 के पत्र का उल्लेख करते हुए गिरदावरी कार्य में उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को गंभीर बताते हुए तत्काल निराकरण की मांग की।



### पूर्व सर्वेयरों की आईडी बहाल करने की मांग

पटवारी संघ ने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान गिरदावरी कार्य को समय पर एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्व से पंजीकृत एवं अनुभवी सर्वेयरों की आईडी तत्काल प्रभाव से पुनः बहाल की जानी चाहिए। संघ का कहना है कि अनुभवी सर्वेयरों के अभाव में गिरदावरी कार्य प्रभावित हो रहा है और पटवारियों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ रहा है।

### "कटाई के बाद जियो-टैगिंग का औचित्य नहीं"

संघ ने जियो-टैगिंग की अनिवार्यता पर भी आपत्ति जताई। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के लगभग 90 प्रतिशत खेतों में मूंग फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। ऐसे में फसल विहीन खेतों में जियो-टैगिंग करवाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। पटवारी संघ ने मांग की कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जियो-टैगिंग की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए, ताकि गिरदावरी कार्य व्यावहारिक रूप से पूरा किया जा सके।

### माखननगर में भी सौंपा ज्ञापन

**माखन नगर।** तहसील पटवारी संघ में जायद गिरदावरी 2026 में आ रही समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया है ज्ञापन में बताया है की शासन ने पूर्व में पंजीकृत सर्वेयरों की आईडी बंद कर दी है जायद की गिरदावरी के लिए नए सर्वेयर नियुक्त करने के आदेश दिए हैं ऐसे में इस आदेश से जायद गिरदावरी हेतु नियत समय में नए सर्वेयर नियुक्त करना एवं बिना किसी प्रशिक्षण के उनसे गिरदावरी कार्य करना अब व्यावहारिक है पूर्व से पंजीकृत सर्वेयरों की आईडी बंद होने से पटवारी को गिरदावरी का कार्य करना पड़ेगा पटवारी के पास पहले से ही सीमांकन गेहूं उपार्जन केंद्र में सुबह 8:00 बजे से ड्यूटी फॉर्मर आईडी रजिस्ट्री नामांतरण बटवारा रिपोर्ट प्रस्तुत करना जैसे महत्वपूर्ण कार्य वर्तमान में बने हुए हैं ऐसी स्थिति में पटवारी को खेत में जाकर गिरदावरी करना संभव नहीं है शासन जिओ टेग की अनिवार्यता समाप्त करें पूर्व से पंजीकृत सर्वेयर से मूंग की गिरदावरी कराई जाए समाधान नहीं होने पर गिरदावरी कार्य में सैटेलाइट इमेज एवं वास्तविक गिरदावरी में विरोधाभास उत्पन्न होगा ऐसे में पटवारी पर अगर कार्रवाई की जाती है तो पटवारी संघ आंदोलन को बाध्य होगा।

## जनसमस्याओं के निराकरण की मांग, आए 14 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




जपं कार्यालय में मंगलवार को जन सुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नागरिकों ने 14 आवेदन दिये हैं। जिन्हें निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया है।

आवेदक पुष्पराज कुशवाहा सरदार वार्ड के अनुसार घर के सामने नप की रोड एवं नाली अधूरी छोड़ने से गंदगी आवेदक के घर में पहुंचती है। हीरालाल मोरसिया शास्त्री वार्ड ने भूमि बंटवारे में पुत्रों के नाम दर्ज करने की मांग की है। जितेन्द्र विष्णुप्रसाद आचार्य निवासी सैनी के अनुसार ग्राम में रामजानकी मंदिर की राजस्व विभाग में दर्ज भूमि की किसान आईडी नहीं होने से परेशानी हो रही है। दिव्यांग महेंद्र सिंह मेहरा सुखराम मेहरा निवासी नगतरा के अनुसार उनकी मां स्वर्गीय सुखियाबाई को शासकीय पट्टे पर दी गई कृषि भूमि पर आवेदक खेती करता है। जिस पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है। अतः कब्जा हटाया जाए। मदनलाल ग्राम समनापुर ने भूमि के पट्टे की मांग की है। मगरिया ग्रापं सरपंच अशोक ब्रह्मवंशी ने गांव में बनी गौशाला के संचालन के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को अनुमति देने की मांग की है।

ताप्ती बाई रामगंज व शोभा बाई सरदार वार्ड ने धरणधिकार भूमि पट्टा देने की मांग की है। चीचली निवासी बदामीलाल अहिरवार ने पैतृक भूमि पर ट्यूबवेल का उपयोग बड़े भाई द्वारा नहीं करने की शिकायत की।

संध्या कुशवाहा नयाखेड़ा सोहागपुर ने शिकायत की है कि उसके शराबी पति ने कुछ निजी प्लॉट बिना परिजनों की सहमति के बेचे हैं। आवेदिका ने प्रशासन से मांग की है कि उसके पति को समझाएं कि शेष भूमि ना बेचें तथा बेची गई भूमि की राशि परिवार के भरण पोषण के लिए आवेदिका के खाते में ट्रांसफर की जाए। हेमंत बाला सुभाष वार्ड सोहागपुर ने सरस्वती शिशु मंदिर से कार्यमुक्ति के बाद ग्रेच्युटी, अर्जित अवकाश, चिकित्सा एवं कोरोनाकाल के शेष वेतन दिलाने की मांग की है।

दादूराम कुशवाहा मड़काढाना ने गांव की ओर जाने के रास्ते के सीमांकन एवं रास्ता निर्माण की मांग की है। शैलेंद्र ठाकुर तालाखेड़ी ने भूमि के सीमांकन की मांग की है। राजेंद्र प्रसाद अहिरवार सुभाष वार्ड ने उनकी भूमि से दो लोगों का कब्जाकर हटाने की मांग की है।

## गंगा दशहरा पर नर्मदा के घाट पर लगा श्रद्धालुओं का मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जपं क्षेत्र की ग्राम पंचायत साडियां खैरा सुरेलाकिशोर उमर्दा माथनी सहित अन्य सभी मां नर्मदा के तटों पर गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। सुबह 4 बजे से ही गंगा दशहरा 2 दिवस तक होने पर पुरषोत्तम मास में शिव विष्णु भगवान का पूजन का विशेष महत्व दिया गया है। लेकिन पुरषोत्तम मास में स्नान का भी बड़ा महत्व बताया गया है।इसबात को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर लोगों ने परिवार सहित डुबकी लगाई गई। तथा दान पुण्य किया गया। बताया गया है कि मां नर्मदा में गंगा भी मिलने आती है।यह भी बताया गया है कि गंगा दशहरा पर मां गंगा को भागीरथ ने प्रथ्वी पर लेकर आए थे। इसलिए यह पर्व विशेष रूप से मनाया जाता है। लेकिन पुरषोत्तम मास और होने के कारण यह पर्व अनेकानेक गुना पुण्य देने वाला होता है। इसी आस्था के साथ गंगा दशहरा व्रत पूजा अर्चना करते हुए पर्व मनाया गया।

## विधायक के प्रयासों से पगढ़ाल क्षेत्र में गेहूं उपार्जन को मिली राहत, बावड़िया भाऊ में शुरू हुई तुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

पगढ़ाल क्षेत्र में गेहूं उपार्जन के दौरान किसानों को हो रही परेशानियों को देखते हुए विधायक प्रेम शंकर वर्मा के निर्देश पर डेठी एवं परसवाड़ा वेयरहाउस के स्थान पर बासनिया एवं बावड़िया भाऊ में नए उपार्जन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले से लंबे समय से उपार्जन केंद्रों पर कतार में खड़ी किसानों की ट्रॉलियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

इसी क्रम में सोमवार को भारत वेयरहाउस बावड़िया भाऊ में विधिवत कांटा पूजन के साथ गेहूं तुलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तुलाई प्रारंभ होने से पूर्व भारत वेयरहाउस परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर कांटा पूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं भाजपा नेता महेश गोयल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबलू उइके, विधायक प्रतिनिधि संतोष तंवर, भारत सिंह मुख्तयार, मस्तान सिंह साध, दिनेश चंदेल, शब्बर सिंह तंवर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



किसानों ने नए केंद्र प्रारंभ होने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे उपार्जन प्रक्रिया तेज होगी और लंबे इंतजार से राहत मिलेगी। भाजपा नेता एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष महेश गोयल ने बताया कि पगढ़ाल क्षेत्र में लंबे समय से गेहूं उपार्जन को लेकर किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। केंद्रों पर अत्यधिक दबाव होने के कारण ट्रॉलियां कई दिनों तक कतार में खड़ी रहती थीं। उन्होंने कहा कि विधायक प्रेम शंकर वर्मा के निर्देश पर किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नए उपार्जन केंद्र प्रारंभ किए गए हैं, जिससे तुलाई प्रक्रिया में तेजी आएगी और किसानों को समय पर राहत मिलेगी।

## ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में खिलाड़ियों से मिले थाना प्रभारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह के अंतर्गत आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय में सामाजिक जागरूकता विषय पर मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी जो की एक अच्छे खिलाड़ी खेल गतिविधियों में शामिल होकर रुचि रखते हुए उन्होंने खिलाड़ी के साथ अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण के साथ नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान बीजनवाडा सीएचओ नरेश बमरेले ने नशे के नुकसान के बारे में जानकारी प्रदान की। गिरीश त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को साइबर सुरक्षा एवं मोबाइल फोन के बारे में जानकारी प्रदान की।

संकल्प लिया गया। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी खेल समन्वयक प्रीतमसिंह ठाकुर कालेज के खेल अधिकारी, सचिन पुरुविया, अरविंद शर्मा सहित अन्य मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने सभी युवा खिलाड़ी छात्राओं खिलाड़ी से परिचय प्राप्त किया।

## गंगा दशहरा पर की गई पलकमती की सफाई

**सोहागपुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर गत दिवस सोहागपुर नगर परिषद द्वारा पलकमती नदी घाट पर सफाई कार्य किया गया है। इस दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नपकर्मी उपस्थित थे तथा सभी ने श्रमदान किया। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गंगा दशहरा पर सोहागपुर शहर की पलकमती नदी में जनप्रतिनिधियों तथा नपकर्मियों ने श्रमदान कार्य किया। श्रमदान का लक्ष्य था कि पलकमती नदी का गहरीकरण हो व इसमें पर्याप्त सफाई हो। ताकि आगामी बारिश के समय पर्याप्त मात्रा में नदी में जल संग्रह हो सके। नगर परिषद सीएमओ शर्मा के अनुसार पलकमती नदी बचाव, सौंदर्यीकरण तथा जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपए की लागत से विविध कार्य निकाय के माध्यम से अभी भी जारी हैं। जिनमें बैराज निर्माण, घाट निर्माण आदि कार्य किये जा रहे हैं।

## निर्वाचन आयोग प्रेक्षक ने सोहागपुर निर्वाचन शाखा का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मंगलवार को राज्य निर्वाचन आयोग प्रेक्षक निसार अहमद ने सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय की निर्वाचन शाखा का निरीक्षण किया। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर निकाय व पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग प्रेक्षक निसार अहमद ने निरीक्षण किया। इस दौरान लायजनिंग अधिकारी कृष्णकांत परस्ते उपस्थित रहे। अहमद ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति तथा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की मंशानुसार पारदर्शिता और शुद्धता के साथ मतदाता सूची तैयार करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मत के अधिकार से वंचित न रहे।



### अधिकारियों ने दी पुनरीक्षण जानकारी

निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने प्रेक्षक को अब तक की गई तैयारियों और डाटा प्रविष्टि प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान सोहागपुर एसडीएम एवं पंचायत रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रियंका भल्लावी, तहसीलदार व नगरीय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आरके झरबड़े, खंड पंचायत अधिकारी गौरीशंकर मेहरा, नप राजस्व निरीक्षक संजय परसाई, संदीप कुशवाहा, निर्वाचन सहायक प्रोग्रामर अमित कुमार मिश्रा ने प्रेक्षक को जानकारी दी। निसार अहमद ने निर्वाचन शाखा के तकनीकी और प्रशासनिक कार्यों पर संतोष व्यक्त किया व समय सीमा में बचे कार्यों को शुद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

## 42 वर्ष की सेवा से सेवानिवृत शिक्षक को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम द्वारा विजयशंकर यादव (सहायक शिक्षक) के पद से अपनी 42 वर्ष की गौरवमयी एवं उत्कृष्ट सेवा पूर्ण कर लिऐ हैं। सेवा कार्यकाल एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला कोटगांव में पूर्ण हुआ था आज गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने उनके निज निवास ग्राम गूजरवाड़ा में शाल श्रीफल से उनका सम्मान किया इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, वीरेंद्र यादव, हरिनारायण यादव, गेंदालाल यादव, मौसम विनेश यादव, शुभम, आकाश, एकता उपस्थित रहे।

## दामोदर यादव के विरोध में सड़कों पर उतरा सर्व विप्र समाज, पुतला दहन के बीच पहनाई माला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

सिवनी मालवा के बस स्टैंड स्थित तिवारी धर्मशाला में आयोजित आजाद समाज पार्टी के महा सदस्यता अभियान के दौरान सोमवार को हाईवोल्टेज राजनीतिक और सामाजिक माहौल देखने को मिला। एक ओर सर्व समाज के लोगों ने दामोदर यादव के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका, वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज सिवनी मालवा के अध्यक्ष प्रवीण अवस्थी ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर दामोदर यादव का हार-माला पहनाकर स्वागत किया।



"सनातन विरोधी बयान" को लेकर फूटा आक्रोश

प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि दामोदर यादव ने पूर्व में भगवान परशुराम, सनातन धर्म एवं हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, जिससे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसी को लेकर सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में धर्मशाला के बाहर एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी की।

जैसे ही दामोदर यादव कार्यक्रम स्थल पहुंचे, प्रदर्शनकारियों ने उनका पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। पुतला दहन के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी जैसी स्थिति निर्मित हो गई।

स्थिति तब और गरमाई जब भीम आर्मी के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल से बाहर निकल आए और दामोदर यादव के समर्थन में नारे लगाने लगे। विरोधी और समर्थक आमने-सामने आ गए, जिससे मौके पर तनाव बढ़ गया। हालात बिगड़ते देख पुलिस प्रशासन को भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

## स्वामी विवेकानंद कॉलेज में हुआ समर कैंप आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्वामी विवेकानंद कॉलेज में समर कैंप लगाया गया। कैंप में शामिल बच्चों को प्रेरित करने मंगलवार को राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित हुए।

इस दौरान उक्त कार्यक्रम में अतिथि रूप में एसडीएम प्रियंका भलावी, सहायक उप निरीक्षक गणेश राय, मनोज सिंह राजपूत, आरक्षक मनोहर दायमा एवं स्पोर्ट टीचर्स आदि सम्मिलित रहे।

पुलिस थाना सोहागपुर के द्वारा बच्चों को यातायात नियमों, साइबर क्राइम से बचाव, नशा मुक्ति एवं गुडटच-बेडटच के संबंध में जानकारी दी गई।

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

# भय से मुक्ति दिलाती है भगवत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

पुरुषोत्तम अधिक मास के पावन अवसर पर स्थानीय बलराम पटेल कॉलोनी में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 26 मई 2026 से 1 जून 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

कथा शुभारंभ के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड स्थित शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों एवं भजनों की मधुर धुन पर सामूहिक नृत्य करते हुए पुनः कथा स्थल तक यात्रा निकाली। कथा स्थल पर नवग्रह पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोपहर 3 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति प्रसंगों का श्रवण कर भावविभोर हो उठे। कथा वाचक पंडित सतीश शर्मा ने कथा का महत्व बताया।




### जल गंगा संवर्धन अभियानः प्लांट में हुआ मां नर्मदा जल का पूजन

**सिवनी मालवा।** शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी के पावन अवसर पर सिवनी मालवा स्थित जल संयंत्र प्लांट में मां नर्मदा जल का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर पूरे जल संयंत्र परिसर की साफ-सफाई कर उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने जल ही जीवन है का संदेश देते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नगर सिवनी मालवा को मां नर्मदा का पवित्र जल भिलड़िया घाट से प्राप्त होता है।


**कार्यालय नगर परिषद सोहागपुर जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

दूरभाषा - 07575-278264    E-mail-cmosohagpur@mpurban.gov.in

क्रमाक/871/लो. निंवि/आनलाईन टेण्डर्स / 2026    सोहागपुर, दिनांक 26/05/26

आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद द्वारा निम्न कार्य हेतु आनलाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य अनुमानित लागत | अमानत राशि | आफ लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा क्रय की अंतिम तिथि | कार्य रामयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत सामग्री प्रदाय करने बावत् | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 | 10.06.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 2 | विभिन्न प्रकार पेड पौधे प्रदाय करने बावत् | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 | 08.06.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 3 | निर्माण सामग्री प्रदाय करने बावत् | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 | 15.06.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 4 | प्रीकाष्ट बाउंण्डीवाल एवं सामग्री प्रदाय करने बावत् | 10.00 लाख | 10000.00 | 2000.00 | 15.06.2026 | वित्तीय वर्ष 2026-27 |

नोटः- प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबधित समस्त शर्ते एवं जानकारी नगर परिषद सोहागपुर की लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमति लता यशवंत पटैल**, अध्यक्ष, नगर परिषद सोहागपुर
**श्रीमति कविता दीपक साहू**, सभापति लो.नि.वि, नगर परिषद सोहागपुर
**श्री धर्मेन्द्र शर्मा**, मुख्य नगर पालिका अधिकरी, नगर परिषद सोहागपुर

## खबर संक्षेप

### ईदुज्जुहा का अवकाश अब 28 को

**हरदा।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार ईदुज्जुहा का अवकाश अब कल गुरुवार 28 मई को रहेगा। पूर्व में ईदुज्जुहा का अवकाश बुधवार 27 मई को घोषित किया गया था। बुधवार 27 मई को निर्धारित समय अनुसार समस्त शासकीय कार्यालय खुलेंगे।

### लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बढ़ते हुए तापमान से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रवभावों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस संबंध में जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी एवं उपचार के निर्देश दिए गए हैं। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के अधिकारियों को आने वाले मरीजों की लू के लक्षणों की जांच करने, उचित प्रबंधन करने, ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने तथा वार्ड में शीतलता के लिए पंखों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तेज धूप एवं ज्यादा देर तक रहना लू लगने का प्रमुख कारण होता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे इलेक्ट्रो राइड का असंतुलन हो जाता हैं। उन्होंने बताया की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एक हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट बनाई जा रही हैं एवं गर्मी से संबंधित बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयां संस्थाओं में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कार्नर बनाए जा रहे हैं। संवेदनशील समूहों जैसे गर्भवती महिला, बच्चों एवं वृद्धजनों के लिए भी अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाओं के निर्देश जारी किये गए है।

### दहेज के लालच में फिर गई एक बेटी की जान

**भैरुंदा।** तहसील के ग्राम खरसानिया में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम खरसानिया निवासी दीपिका, पिता द्वारका प्रसाद धावरे, का विवाह 7 अप्रैल को टिमरनी निवासी दुर्गेश, पिता गंगाचरण दामले, के साथ सामाजिक रीति-रिवाज और पारिवारिक सहमति से धूमधाम से हुआ था। विवाह को अभी मात्र 48 दिन ही हुए थे। दीपिका की मौत की खबर ने दोनों परिवारों सहित पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही दीपिका को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि सास, ससुर, पति और ननद ने मिलकर दीपिका का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मायके पक्ष में शोक व आक्रोश है। वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि दीपिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की।

# अधिकारियों ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्न कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम कमताड़ा निवासी विक्रांत फुलरे ने जमीन का नामांतरण कराने हेतु आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। अभिषेक ग्रीन वैली निवासी नवीन अग्रवाल ने पाइपलाइन चेंबर चौक होने से फेल रही गंदगी के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम रेलवा निवासी नितिन दुगाया ने शहीद इलाप सिंह उद्वहन सिंचाई परियोजना का लाभ प्राप्त न होने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम पलासनेर निवासी रूपाली यादव ने उपार्जित गेहूँ का समिति प्रबन्धक द्वारा बिल न बनाने की शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम बूंदड़ा निवासी अमन बिजगावने ने चना विक्रय के उपरान्त भुगतान प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला विपणन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक का भुगतान कराने के निर्देश दिये गये।

### अनुसूचित जाति-जनजाति सामाजिक संगठनों ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम दिया ज्ञापन

**हरदा।** अनुसूचित जाति-जनजाति सामाजिक संगठनों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार बी.डी. तमखानिया को सौंपा। संगठनों ने जिले में एससी-एसटी समाज पर लगातार अत्याचार होने और पीड़ितों को न्याय नहीं मिलने का आरोप लगाया। आदिवासी नेता जयकुमार ऊईके ने बताया कि प्रमुख मांगों में टिमरनी थाना परिसर में आदिवासी रामदास कोरकू की मौत की निष्पक्ष जांच और उनके परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की मांग शामिल है। संगठनों ने हंडिया थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी कंचन राजपूत पर ग्राम रेलवा निवासी आदिवासी अजबसिंह को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रताड़ना से परेशान होकर अजबसिंह ने आत्महत्या की। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है। इसके अलावा पीएचई विभाग की इंजीनियर ज्योति मोहबिया की आत्महत्या मामले की विभागीय जांच की मांग भी उठाई गई। संगठनों ने आरोप लगाया कि विभागीय प्रताड़ना के कारण आत्महत्या हुई हो सकती है। ज्ञापन में पीएचई विभाग के कर्मचारी चंदन भलावी और उमेश धुर्वे के लापता होने की जांच की मांग भी की गई। साथ ही एसडीओ संगीता धापकारी पर कर्मचारियों को परेशान करने, भेदभाव करने और फर्जी बिलों पर हस्ताक्षर करवाने के आरोप लगाए गए। संगठनों ने पिछले दो वर्षों के सभी बिलों की जांच कराने की मांग की है। संगठनों ने कांग्रेस विधायक डॉ. आर.के. दोगने द्वारा सार्वजनिक स्थल पर एक एससी-एसटी युवा नेता के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी पर वैधानिक कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा अनिल मानिक हत्याकांड के मुख्य आरोपी धरमू उर्फ धर्मेंद्र पटेल की तत्काल गिरफ्तारी की मांग भी की गई। संगठनों का आरोप है कि तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।संगठनों ने टिमरनी तहसील के राजस्व और वन ग्रामों में वन विभाग द्वारा बिना नोटिस आदिवासियों की जमीनों पर बुलडोजर कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए इसे गैर-संवैधानिक बताया और तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### हाईवे पर कब्जे सख्ती से हटेंगे

## जिले के सभी स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को बनाया जाएगा नो-ड्रग जोन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को मासिक टास्क फोर्स 15 समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टास्क फोर्स में शामिल विभिन्न 15 समितियों के एजेन्डा पर बिन्दूवार चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, वनमण्डलाधिकारी ज्योति मुड़िया सहित विभिन्न समितियों के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर श्री जैन ने रोस्टर बनाकर नगरीय क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि रोस्टर अनुसार दिन तय कर नगरीय क्षेत्र में पॉलिथीन के उपयोग को हतोत्साहित किया जाए।

एसपी शशांक ने निर्देश दिये कि जिले के सभी स्कूलों के 500 मीटर क्षेत्र को नो-ड्रग जोन बनाया जाए। उन्होने कहा कि सभी स्कूलों में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता लगाने के लिये भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। पुलिस अधीक्षक ने हाई-वे पर दोपहियां वाहन चालकों द्वारा अनिवार्य रूप से हेल्मेट लगाये जाने के लिये अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिये। बिना हेल्मेटधारी दोपहिया वाहन चालकों से नियमानुसार जुर्माना वसूला जाए।

बैठक में हाई-वे के किनारे से सख्ती से अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही वन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने के लिये भी सख्ती से कार्यवाही करने के लिये कहा गया। इस दौरान सवारी वाहनों की जांच के लिये भी जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही तेज आवाज करने वाले मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने शासकीय अधिवक्ता से कहा कि पुराने प्रकरणों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की जाए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं समिति सदस्यों द्वारा तम्बाखू निषेध एवं तम्बाखू से बने उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ ली गई।

# नवविवाहिता की मौत मामले में पति और ससुर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। तवा कॉलोनी स्थित शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास परिसर के सरकारी क्वार्टर में 28 वर्षीय दीपिका दामड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 23 मई की बताई जा रही है। मृतिका ने कमरे में पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर जान दी।

रविवार को टिमरनी सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने और हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया। इस दौरान दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच झूमाझटकी भी हुई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मामला शांत कराया। मामले की जांच कर रहीं एसडीओपी आकांक्षा तलया ने बताया कि दीपिका का विवाह 7 अप्रैल को दुर्गेश दामड़े के साथ भेरुदा के एक मैरिज गार्डन में सामाजिक रीति-रिवाजों से हुआ था। मृतिका के माता-पिता और भाई ने बयान में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में गाड़ी की मांग कर रहा था और दीपिका को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी लगने से दम घुटना पाया गया है। जांच और परिजनों के बयानों के आधार पर पति दुर्गेश, ससुर गंगाचरण, सास मधुबाला और ननद निकिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 3(5) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीओपी ने बताया कि सोमवार को आरोपी पति दुर्गेश और ससुर गंगाचरण को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं, आरोपी सास मधुबाला और ननद निकिता की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि दोनों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कुबेरेश्वरधाम पर गंगा दशहरा पर किया गया जलाभिषेक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे कुबेरेश्वरधाम

**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ विश्व में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र कुबेरेश्वरधाम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने एक साथ मटकी के कलश से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं यहां पर जारी निशुल्क भंडारे में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि निरंतर जलधारा महादेव को प्रसन्न करती है, जिससे भक्तों के घर में धन-धान्य और सुख-शांति की वृद्धि होती है गंगा दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। इसमें स्नान, दान, रूपात्मक व्रत होता है। ऐसी मान्यता है कि ग्रीष्म ऋतु में पानी की बहुत समस्या होती है और व्यक्ति व पशु-पक्षी बूंद-बूंद पानी के लिए भटकते हैं। इसी वजह से शिवलिंग पर अभिषेक कलश रखा जाता है। जिससे भगवान शिव को पानी की कमी न हो। कुबेरेश्वरधाम पर शाम को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा बाबा की आरती में पहुंचे थे, इसके अलावा सुबह मुरली मनोहर मंदिर में विराजमान भगवान शंकर-माता पार्वती, राम-सीता और भगवान श्रीकृष्ण और राधा का विशेष श्रृंगार किया गया।

## मंडी में अब नहीं मिलेगा नगद भुगतान

**हरदा।** जिले की कृषि उपज मंडी में किसानों को अब अपनी उपज बेचने पर नकद भुगतान के बजाय आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। यह निर्णय बैंकों में नकदी की कमी को देखते हुए लिया गया है। मंडी सचिव हरनारायण भिलाला ने बताया कि ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन, हरदा ने 22 मई 2026 को एक आवेदन प्रस्तुत कर इस संबंध में जानकारी दी थी। किसानों से अपील की गई है कि वे मंगलवार से अगली सूचना तक अपनी कृषि उपज का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त करें। इसके लिए किसानों को अपने आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड और बैंक पासबुक की प्रति, साथ लाना अनिवार्य होगा। एसोसिएशन ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि बैंकों में नकद राशि की आवश्यकतानुसार आपूर्ति नहीं हो पा रही है। भारतीय स्टेट बैंक (रइक) द्वारा अन्य बैंकों को आनुपातिक रूप से कम नकदी उपलब्ध कराने के कारण अन्य बैंकों में भी नकदी की उपलब्धता में कमी आई है। इसी कारण यह ऑनलाइन भुगतान का निर्णय लिया गया है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में जब बैंकों से व्यापारियों को कृषि उपज के विपणन के लिए आवश्यक नकदी प्राप्त होने लगेगी, तब नकद भुगतान फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

# खेल में सफलता केवल शरीर से नहीं श्रेष्ठ व्यक्तित्व के साथ ही प्राप्त होती है

### आरोह 2026: खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास की सेमिनार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा द्वारा संचालित ह्लआरोह 2026ह्व ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण हेतु एक विशेष प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया।

ब्लाक समन्वयक सलमा खान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को शारीरिक दक्षता के साथ मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी सशक्त बनाना था। ब्रह्मकुमारीज से पधारे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मोटिवेशनल वक्ता बी.के. सुभाष भाई ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को मजबूत बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच एवं चरित्र निर्माण की श्रेष्ठ पाठशाला है। उन्होंने कहा कि खेल में वास्तविक जीत केवल शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि अच्छे व्यक्तित्व, दृढ़ मनोबल एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से प्राप्त होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मसंयम अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि यदि खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत हो जाए तो वह हर परिस्थिति में सफलता प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कई सुंदर एवं रोचक जुंबा डांस, शारीरिक व्यायाम भी करवाई गईं, जिनके माध्यम से टीम भावना, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच अभ्यास कराया।

ब्रह्मकुमारीज से पधारे बी.के. राजेश भाई ने मेडिटेशन एवं सकारात्मक चिंतन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सफल खिलाड़ी वही होता है जो खेल मैदान के साथ-साथ अपने व्यवहार, व्यक्तित्व एवं नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करे। उन्होंने खिलाड़ियों को तनावमुक्त एवं एकाग्रचित्त रहने के लिए नियमित राजयोग मेडिटेशन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बीके किरण दीदी एवं बीके भव्यता दीदी ने खिलाड़ियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा मन को शक्तिशाली एवं स्थिर बनाने की अनुभूति कराई। खिलाड़ियों ने ध्यान अभ्यास से मानसिक शांति एवं आत्मबल का अनुभव किया। सेमिनार में हाकी कोच संदीप सौदे, फुटबॉल कोच इमरान खान, अजय पुरवइया, एथलेटिक्स कोच सानू पाराशर सहित खेल प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए मालवा में अतिरिक्त कोच बढ़ाने की मांग

**सीहोर।** बाबा अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी सीहोर के सदस्यों रविवार को सांसद आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मालवा एक्सप्रेस में यात्रियों की लंबी वेटिंग लिस्ट का हवाला देते हुए अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की गई। मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते हैं, लेकिन ट्रेनों में सीट उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मालवा एक्सप्रेस में लगातार लंबी वेटिंग रहने के कारण कई श्रद्धालुओं को यात्रा करने में कठिनाई हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि यात्रा अवधि के दौरान मालवा एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधा मिल सके। इस दौरान सांसद श्री शर्मा ने आश्वासन दिया की अमरना यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी अतिरिक्त ट्रेन और मालवा में अतिरिक्त कोच को लेकर रेल मंत्रालय से पत्राचार के माध्य में समस्या को अवगत कराएगें। इस दौरान मंडल के कई सदस्य बडी संख्या में मौजूद रहे।

### करणी सेना युवा शक्ति प्रदेशध्यक्ष ने दिया अल्टीमेटम

# किसानों ने बोला हल्ला, 72 घंटे में बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो करेंगे चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



अघोषित लोड सेंडिंग बिजली कटौती को बंद कराने की मांग को लेकर सोमवार को करणी सेना युवा शक्ति प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राजपूत के नेतृत्व में अलाहा खेडी, ग्राम मोगरा राम, हसनाबाद जहांगीरपुर, नयापुरा, धबोटी, धामनखेड़ा खामलिया, पचामा, थूना सहित आसपास के एक दर्जन गांवो के किसानों ने कलेक्ट्रेट में जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया।

जिले में भीषण गर्मी के बीच दो से तीन बार बिजली कटौती की जा रही है जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। छोटे बच्चे बुजुर्ग माताएं बहने और बीमार व्यक्ति रात भर गर्मी में तड़पने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हजारों छात्र छात्राएं बिजली नहीं होने के कारण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। पढ़ाई नहीं होने के कारण बच्चों का भविष्य प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। किसान भाइयों की सिंचाई व्यवस्था एवं ग्रामीण क्षेत्र की पीने के पानी की आपूर्ति पानी की मोटर नहीं चलने के कारण ठप हो गई है। प्रदेशध्यक्ष कुलदीप राजपूत ने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सीहोर के ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि के समय अनावश्यक लाइट कटौती की जा रही है। विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कनिष्ठ यंत्री से संपर्क करते है तो लोड सीटिंग का कहकर बिजली कटौती से पल्ला झाड़ लेते हैं। अनावश्यक बिजली कटौती से भीषण गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाऐं, एवं बीमार लोग बहुत परेशान है, रात्रि में बिजली कटौती की वजह से ग्रामीण क्षेत्रो में चोरी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही है। अंधेरे की वजह से ग्रामीण क्षेत्रो में सांप, बिच्छू आदि जहरीले जीव-जंतु का भय बना हुआ है। लगातार रात्रि में चार से पांच घंटे लाइट कटौती हो रही है और दिन के समय में भी मेंटेनेंस के नाम पर कटौती हो रही है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से विष्णु सरपंच योगेश मेवाड़ा, करण सिंह चौहान नरेंद्र सिंह, रवि रजपूत, अजय मेवाड़ा बड़ी सख्या में ग्रामीण किसान सम्मिलित रहे।

# भाकपा ने की पेट्रोल-डीजल और दूध की कीमतें जनहित में घटाने की मांग



**सीहोर।** महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि का बोझ डाल दिया है। सांची दूध की कीमत में वृद्धि होने से जनता अब बेहाल हो चुकी है। राज्य व्यापी विरोध आव्हान के तहत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन जिला सचिव प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर जमील खान को दिया।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि यह मूल्य वृद्धि केन्द्र सरकार की असंगत,अंतर्विरोधों से ग्रस्त अनुचित विदेश नीति का दुष्परिणाम है। भारत सरकार यदि रूस से सस्ती दरों पर तेल का आयात करना जारी रखे और ईरान के साथ खुलकर भारत की एकजुटता को अभिव्यक्त की जाए तो इस तेल संकट को समाप्त किया जा सकता है। प्रदेश सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर सर्वाधिक टैक्स लिया जाता है।

कामरेड दिनेश मालवीय ने कहा कि पेट्रोल पर 30 और डीजल पर 20 प्रतिशत टैक्स लिया जा रहा है। सांची दूध की कीमत में प्रति वर्ष वृद्धि की जा रही है। हमारी मांग है कि दूध उत्पादक किसानों को हो रहे घाटे को कम करनें के लिए सरकार 10 रूपए प्रति लीटर अनुदान दें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाजपा सरकार से पेट्रोलियम पदार्थो पर टैक्स कम करने और सांची दूध की कीमतों में की गई वृद्धि को वापस लेने की मांग करती है।

## इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब लीजेंड्स ने जीता

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाके स्थित आवासीय क्रिकेट मैदान पर आरएसआई क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में खेली जा रही इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लीजेंड्स ने टाइटंस को 69 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस मैच में अभिनव ने 31 रन और लोकेन्द्र धनगर ने 27 रन की पारी खेली।